Hindi Murli Quiz 20-04-2015

ये क्विज आज की मुरली पर आधारित है| मुरली सुनने के लिए यहाँ क्लिक करें| पुरानी क्विज के लिए यहाँ क्लिक करें |

Q.1) आज के गीत का चयन करें -

A. मुखड़ा देख ले प्राणी....
B. भोलेनाथ से निराला .....
C. तुम्हीं हो माता, तुम्हीं पिता हो....
D. जाग सजनिया जाग ....

Q.2) शब्दों को अर्थ अनुसार जोडें -

	Choice		Match
A	मनुष्य गाते हैं- हे भगवान, हे मात-पिता क्योंकि	1	संस्कार ले गये हैं तो फिर आते हैं, आकर सुनते हैं।
B	भल शंकराचार्य हो या कोई भी हो	2	ऊंच ते ऊंच तो एक होना चाहिए ना।
C	कोई-कोई ज्ञान सुनकर गये हैं	3	सिवाए देवताओं के और किसको कह नहीं सकते।
D	तुम सबको समझा सकते हो या तो	4	यह भी कोई जानते नहीं क्योंकि आत्मा का ही पता नहीं है।
E	शान्तिधाम तुम्हारा घर है-जहाँ से तुम यहाँ आये हो पार्ट बजाने।	5	नई दुनिया के मालिक बन सकते हो या तो शान्तिधाम के मालिक बन सकते हो।

Q.3) कई बच्चे किस एक बात में अपनी दिल को खुश कर मिया मिट्ठू बनते हैं?

(उत्तर एक से अधिक भी हो सकते हैं)

A. तुम पावन बन जायेंगे तो फिर दुनिया भी पावन चाहिए। राजधानी स्थापन होनी है, एक तो जा नहीं सकता।
B. ऐसे समझ अपने दिल को खुश कर लेते हैं। यह भी मिया मिट्ठू बनना है।
C. बाबा कहते- मीठे बच्चे अभी बहुत पुरूषार्थ करना है।
D. कई समझते हैं हम सम्पूर्ण बन गये, हम कम्पलीट तैयार हो गये।

Q.4) रावण राज्य का गायन क्यों है-

A. क्योंकि सभी बाप को भूल गए हैं |
B. क्योंकि सभी में पाँच विकार हैं |
C. क्योंकि मेजोरिटी में पांच विकार हैं |

Q.5) शब्दों को अर्थ अनुसार जोडें -

	Choice		Match
A	रामराज्य, रावणराज्य कब से शुरू करें	1	आदि सनातन देवी देवता सम्प्रदाय वाले तो अपने को हिन्दू कह देते हैं। यह भी नहीं समझते कि हम असुल देवी देवता धर्म के हैं।
B	वह है रामराज्य फिर रावणराज्य में आना है।	2	हार-जीत का खेल है। तुम जीत पाते हो तो स्वर्ग के मालिक बनते हो।
C	वह तो कह देते ज्योति ज्योत समाया वा निर्वाण गया।	3	तुम कहेंगे ज्योति ज्योत तो कोई समा नहीं सकते।
D	देलवाड़ा मन्दिर में ऊपर में स्वर्ग दिखाया है तो मनुष्य समझते हैं बरोबर ऊपर ही स्वर्ग है।	4	अरे ऊपर छत में मनुष्य कैसे होंगे, बुद्धू ठहरे ना।
E	क्रिश्चियन भल सतो से तमोप्रधान बने हैं फिर भी क्रिश्चियन सम्प्रदाय के तो हैं ना।	5	मुँझारा कर दिया है।

Q.6) आत्मा तो वही है ना। सुनकर उनको अच्छा लगता है। आत्मा समझती है हमको फिर से बाप का वही ज्ञान मिल रहा है।यहाँ बाबा किसकी बात कर रहे हैं ?

A. जो बच्चे संगमयुग में ही दूसरा चोला धारण करते हैं |
B. धर्म स्थापकों की , जो अंत में इस ज्ञान को सुनेंगे |
C. हम बच्चों की , जिन्होनें कल्प पहले ज्ञान सुना था |

Q.7) **मूसल अर्थात्-**

A. ड्रामा

B. मिसाइल्स

C. यादव

D. वर्षा